राष्ट्रीय संस्करण



प्रधानमंत्री बोले, हिंदुस्तान जिंदाबाद था, है और रहेगा >>7

वर्ष 2 अंक 321

मूल्य ₹5.00, नई दिल्ली, सोमवार, 29 अप्रैल 2019

# दैनिक जागरण

www.jagran.com

पृष्ठ 14

**महासमर 2019**


- प्रियंका वाड्रा ने कहा, जनता का आदर करना ही राष्ट्रवाद • पेज 5
- कन्हैया ने नहीं लगाए देश विरोधी नारे, मैं उनका समर्थक हूं : दिग्विजय • पेज 5
- भाजपा के अतिवाद पर चुनाव आयोग मूकदर्शक : चिदंबरम • पेज 6
- मोदी लगातार काम करते हैं और राहुल अक्सर छुट्टी मनाते हैं : शाह • पेज 7


**विश्वास.News**

अमित शाह ने बनिया समाज को नहीं बताया 'मुनाफाखोर' ?

विश्वास न्यूज की पड़ताल • पेज 6

## न्यूज गैलरी

**राज–नीति** ▸ पृष्ठ 3

### एससीओ सम्मेलन में भाग लेने किर्गिस्तान पहुंचीं सीतारमण

**नई दिल्ली :** रक्षा मंत्री निर्मला सीतारमण शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की महत्वपूर्ण बैठक में शामिल होने के लिए रविवार को तीन दिन की यात्रा पर किर्गिस्तान की राजधानी बिश्केक पहुंच गई हैं। सीतारमण सोमवार को एससीओ के सदस्य देशों के रक्षा मंत्रियों के सम्मेलन में भाग लेंगी। इस दौरान वह आतंकवाद तथा उग्रवाद से निपटने में इस समूह के समन्वित प्रयासों पर भी जोर दे सकती हैं।

**नेशनल न्यूज** ▸ पृष्ठ 10

### चौकी पर हमला करने वाले जैश के तीनों आतंकी गिरफ्तार

**जम्मू :** जम्मू कश्मीर पुलिस ने एक बड़ी कामयाबी हासिल करते हुए श्रीनगर के छन्नपोरा पुलिस चौकी पर हुए हमले के दो दिन के भीतर तीनों आतंकियों को गिरफ्तार कर लिया। ये तीनों आतंकी जैश-ए-मुहम्मद के हैं। पुलिस ने आतंकियों के कब्जे से चीनी पिस्टल, दो मैगजीन और छह गोलियां भी बरामद की हैं। ज्ञात हो, इस हमले में एक पुलिसकर्मी गंभीर रूप से घायल हुआ था।

**स्पोर्ट्स** ▸ पृष्ठ 12

### मुंबई इंडियंस से आर्थिक लाभ नहीं लिया : सचिन तेंदुलकर

**नई दिल्ली :** दिग्गज बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने अपने ऊपर लगे हितों के टकराव के मामले को खारिज करते हुए दावा किया कि उन्होंने आइपीएल फ्रेंचाइजी मुंबई इंडियंस से ना तो 'कोई फायदा' उठाया है और ना ही वह निर्णय लेने की किसी प्रक्रिया में भागीदार रहे हैं। तेंदुलकर ने रविवार को बीसीसीआइ के लोकपाल जस्टिस डीके जैन के भेजे नोटिस का जवाब दाखिल किया, जिसमें 14-बिंदुओं का उल्लेख है।

**अंतरराष्ट्रीय** ▸ पृष्ठ 13

### भारतीय किशोरी का सात अमेरिकी यूनिवर्सिटी में चयन

**दुबई :** दुबई में रहने वाली 17 वर्षीया भारतीय छात्रा सिमोन नूराली का अमेरिका की सात यूनिवर्सिटी में चयन हुआ है। इनमें यूनिवर्सिटी ऑफ पेंसिलवेनिया और डार्टमाउथ कॉलेज शामिल हैं। इनके अलावा जॉर्ज वाशिंगटन, कैलिफोर्निया यूनिवर्सिटी, जॉन हॉपकिंस यूनिवर्सिटी, इमोरी यूनिवर्सिटी और जॉर्ज टाउन यूनिवर्सिटी ने भी उन्हें दाखिला देने की पेशकश की है।

रन बरसे

सनराइजर्स हैदराबाद vs किंग्स इलेवन पंजाब

रात 8:00 बजे से

स्थान : हैदराबाद

स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क

# श्रीलंका आत्मघाती हमले के तार केरल से जुड़े

**बड़ी कार्रवाई** ▸ राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने इस्लामिक स्टेट के एक आतंकी को किया गिरफ्तार, दो अन्य संदिग्धों से हो रही पूछताछ

### हमले के मास्टरमाइंड से संपर्क के सुबूत मिले, डिजिटल डिवाइस बरामद

**जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली**

राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआइए) ने आतंकी संगठन इस्लामिक स्टेट (आइएस) से जुड़े एक संदिग्ध आतंकी को गिरफ्तार किया है। दो संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। इस कार्रवाई को श्रीलंका में हुए आतंकी हमले से जोड़कर देखा जा रहा है। एजेंसी के अधिकारियों के अनुसार, श्रीलंका में आतंकी हमले के मास्टरमाइंड जहरान हाशिम से इन आतंकियों के संपर्क के सुबूत मिले हैं, जिसकी जांच की जा रही है। पिछले रविवार को श्रीलंका में हुए हमलों में 250 से अधिक लोग मारे गए थे। भारतीय एजेंसियों ने श्रीलंका को हमले की आशंका को लेकर सचेत कर दिया था, लेकिन वहां सुरक्षा एजेंसियां प्रभावी कदम नहीं उठा सकीं। श्रीलंका ने इन हमलों के लिए स्थानीय इस्लामिक आतंकी संगठन नेशनल तौहीद जमात (एनटीजे) को जिम्मेदार ठहराया है।



एनआइए के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, केरल में सक्रिय आइएस के कासरगोड मॉड्यूल के कुछ संदिग्ध आतंकियों के श्रीलंका हमले के मास्टरमाइंड से संपर्क की जानकारी मिली थी। इसके आधार पर तीन जगहों पर छापा मारा गया। छापे के दौरान एजेंसी ने कई मोबाइल फोन, सिम कार्ड, मेमोरी कार्ड, पेन ड्राइव, मलयालम व अरबी में लिखी डायरियों के साथ-साथ जाकिर नाइक के भाषण वाली कई डीवीडी व उसकी किताबें जब्त की हैं। छापे के बाद एक आतंकी को गिरफ्तार किया गया है। दो संदिग्धों से पूछताछ की जा रही है। इसके पहले बांग्लादेश के ढाका में हमला करने वाले आतंकियों के भी नाइक से प्रेरित होने की बात सामने आई थी। अधिकारी के अनुसार, कासरगोड मॉड्यूल के कई आतंकी सीरिया और इराक में आइएस में शामिल होने भी गए थे। इनमें से एक शैबू निहार को कतर से प्रत्यर्पित कराया गया था। तमिलनाडु और केरल से गिरफ्तार आतंकियों से पूछताछ और बरामद दस्तावेजों के आधार पर ही श्रीलंका में ईस्टर पर चर्चों समेत भारतीय दूतावास पर आतंकी हमले की आइएस की तैयारियों की जानकारी मिली थी। इस संबंध में श्रीलंका को आगाह भी किया था, लेकिन वहां की सुरक्षा एजेंसियां उचित कदम नहीं उठा सकीं।

**बीते हफ्ते हुई थी चार गिरफ्तारी :** एनआइए ने भारत में पैर बढ़ाने की आइएस की कोशिशों को पहले भी नाकाम किया है। आइएस की मौजूदगी का सुराग मिलने के बाद बीते शनिवार (20 अप्रैल) को एनआइए ने आंध्र प्रदेश की राजधानी हैदराबाद और महाराष्ट्र के वर्धा शहर में छापे मारे थे। एजेंसी ने दोनों स्थानों से चार लोगों को हिरासत में लिया था। छापेमारी में कई डिजिटल डिवाइस और दस्तावेजों को जब्त किया गया था। इनमें 13 मोबाइल फोन, 11 सिम कार्ड, एक आइपैड, दो लैपटॉप, एक हार्ड डिस्क, छह पेन ड्राइव, छह मेमोरी कार्ड और तीन वाकी-टाकी शामिल थे।

प्रतिबंध के बाद एनटीजे के ठिकानों पर श्रीलंका की पुलिस ने मारा छापा पेज>>13

### श्रीलंका के आत्मघाती हमलावर मुहम्मद के संबंधों की जांच में जुटीं ब्रिटिश एजेंसियां

**लंदन, प्रेट्र :** ब्रिटेन की खुफिया एजेंसियां श्रीलंका के आत्मघाती हमलावरों में से एक अब्दुल लतीफ जमील मुहम्मद और ब्रिटेन के चरमपंथियों के बीच संबंधों की जांच में जुट गई है। यह बात सामने आई है कि अब्दुल लतीफ ने ब्रिटेन में पढ़ाई की थी। माना जाता है कि उसने हमले की तैयारी के लिए गुप्त तरीके से सीरिया की यात्रा की थी। उसे वहां जिहादी जॉन समेत इस्लामिक स्टेट (आइएस) के लड़ाकों एवं भर्ती करने वालों ने कथित रूप से ट्रेनिंग दी।

समाचार पत्र संडे टाइम्स के अनुसार, 'ऐसा जान पड़ता है कि मुहम्मद को हमले के लिए तैयार आइएस के क्रोकोडाइल सेल या स्लीपर्स सेल का प्रशिक्षण देने के बाद श्रीलंका वापस भेज दिया गया।' खुफिया एजेंसियों के अधिकारियों के मुताबिक, सुरक्षा बल आइएस के कथित 'क्रोकोडाइल सेल या स्लीपर सेल' की खोज में जुटे हैं। ब्रिटेन की मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, देश के पुलिस प्रमुख चर्च और मस्जिदों से आतंकवाद निरोधक प्रशिक्षण लेने का आग्रह कर रहे हैं। उन्हें डर है कि आतंकी श्रीलंका की तरह ब्रिटेन में भी हमला कर सकते हैं।

किंग्स कॉलेज लंदन के इंटरनेशनल सेंटर फॉर स्टडी ऑफ रेडिकेलाइजेशन के चार्ली विंटर ने 'द संडे टाइम्स' से कहा, 'आइएस को सीरिया एवं इराक में पराजित किया जा चुका है। इसलिए, उसके बाहर यह आतंकवादी संगठन और हिंसक होगा।' उन्होंने कहा, 'यह एक गंभीर स्थिति है। शायद हमें और हमलों का सामना करना पड़े। श्रीलंका के आतंकी हमले कतई छिटपुट नहीं थे। यदि यह कोई संकेत है तो बहुत गंभीर है।'

### अमेरिका में यहूदी प्रार्थना घर पर हमला, एक की मौत तीन अन्य घायल

**सैन फ्रांसिस्को, आइएएनएस/एएफपी :** अमेरिका के कैलिफोर्निया गणराज्य के पॉवे में यहूदियों के एक पूजा घर पर हुए हमले में एक महिला की मौत हो गई, जबकि एक पादरी (रब्बी) समेत तीन लोग घायल हो गए। हमलावर को गिरफ्तार कर लिया गया है। उसकी पहचान 19 वर्षीय जॉन अर्नेस्ट के रूप में हुई है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पत्रकारों से बातचीत में इसे 'घृणा अपराध' करार दिया है। उन्होंने मृतक के परिजनों से सहानुभूति भी जताई और घटना की तह तक जाने की बात कही।

सैन डियागो के पॉवे शहर में यहूदी प्रार्थना घर चाबड़ में सब्त उपासना के लिए बड़ी संख्या में यहूदी अपने परिवार के लोगों के साथ मौजूद थे। शुक्रवार की रात से शनिवार की रात के दौरान होने वाली प्रार्थना को सब्त उपासना कहते हैं, जिसमें यहूदी अपने परिजनों के साथ उपस्थित होते हैं। शनिवार सुबह आरोपीअर्नेस्ट बंदूक लिए चाबड़ में घुसा और फायरिंग शुरू कर दी। इसमें 60 वर्षीय महिला की मौत हो गई। 34 वर्षीय व्यक्ति, उसकी आठ साल की बेटी और 57 वर्षीय पादरी घायल हुए हैं। (पेज-13)

# एयर इंडिया की 137 उड़ानें दूसरे दिन भी रहीं बाधित

- एक साल के भीतर दूसरी बार सर्वर फेल होने से हुई दिक्कत
- अमेरिका की कंपनी सीटा से हर्जाना मांग सकती है कंपनी



**जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली**

शनिवार को फेल हुआ एयर इंडिया का सर्वर रविवार को भी ढंग से काम नहीं कर पाया। इसके चलते दिल्ली, मुंबई समेत प्रमुख हवाई अड्डों से उसकी तकरीबन 137 उड़ानों में दो-तीन घंटे का विलंब हुआ। ज्ञात हो, एयर इंडिया अपनी सहयोगी एयर इंडिया एक्सप्रेस और अलायंस एयर समेत रोजाना 600-700 उड़ानें संचालित करती है।

सर्वर ठप होने से नुकसान की भरपाई के लिए एयर इंडिया अमेरिकी कंपनी 'सीटा' से हर्जाना वसूल सकती है। एयर इंडिया के सीएमडी अश्वनी लोहानी ने इसके संकेत दिए हैं। एयर इंडिया भारत की अकेली एयरलाइन है जो अपनी बुकिंग एवं सूचना प्रणाली के लिए अटलांटा की कंपनी सीटा के विभिन्न कम्यूनिकेशन एवं इंफ्रास्ट्रक्चर सॉल्यूशंस का इस्तेमाल करती है। कंपनी ने 2007 में सीटा के साथ अनुबंध किया था, जिससे एयर इंडिया का पैसेंजर मैनेजमेंट सिस्टम एवं मोबाइल एप सीटा के वैश्विक तंत्र से जुड़ गया था। इससे एयर इंडिया को वैश्विक स्तर पर पांव जमाने में मदद मिली। 2017 में अनुबंध के नवीकरण के बाद एयर इंडिया को 'सीटा कनेक्ट' के साथ सीटा के शेयर्ड इंफ्रास्ट्रक्चर सॉल्यूशन 'एयरपोर्टहब' के इस्तेमाल की सुविधा भी मिल गई।

'सीटा कनेक्ट' एयर इंडिया के दिल्ली, मुंबई के सेंट्रल हब को देश के अन्य छह बड़े हवाई अड्डों के साथ-साथ विश्व के 28 देशों से संबंधित 94 शहरों और हवाई अड्डों से जोड़ता है। सीटा के साथ पहली बार अनुबंध करने पर एयर इंडिया को साढ़े आठ सौ करोड़ रुपये खर्च करने पड़े थे। पिछले एक साल में सीटा सर्वर के दो बार दगा देने से भारतीय कंपनी को समझौते पर सोचने के लिए मजबूर कर दिया है। 23 जून, 2018 को भी सीटा का सर्वर फेल हुआ था। हालांकि तब इसका असर सीमित था। ज्ञात हो, सीटा का सर्वर मुख्यालय अटलांटा में है। शनिवार तड़के साढ़े तीन बजे इसे रखरखाव के उद्देश्य से एक घंटे के लिए बंद किया गया था, लेकिन इसे पुनः चालू करने में सवा पांच घंटे लग गए। नतीजन एयर इंडिया का पूरा तंत्र गड़बड़ा गया है। अकेले भारत में ही 149 उड़ानें प्रभावित हुईं।

सर्वर फेल होने की घटना से एयर इंडिया के ब्रांड को हुआ नुकसान पेज>>3

### पाकिस्तानी हवाई क्षेत्र बंद होने से एयर इंडिया को नुकसान

**नई दिल्ली, आइएएनएस :** पाकिस्तान का हवाई क्षेत्र बंद होने से एयर इंडिया को फरवरी के आखिर से अब तक करीब 300 करोड़ रुपये का नुकसान हो चुका है। इसका कारण यह है कि कंपनी के विमानों को अब यूरोप और खाड़ी के देशों तथा अमेरिका तक पहुंचने के लिए लंबे मार्ग का इस्तेमाल करना पड़ रहा है। 14 फरवरी को पुलवामा आत्मघाती हमले के बाद भारत-पाकिस्तान तनाव बढ़ने के बाद से पाकिस्तान का हवाई क्षेत्र भारत से जुड़े उड़ानों के लिए बंद है। अतिरिक्त ईंधन व अन्य खर्चों तथा उड़ानों की संख्या घटने से कंपनी को रोजाना छह करोड़ रुपये का नुकसान हो रहा है।

# 71 सीटों पर आज जनता चुनेगी अपना नुमाइंदा

- उत्तर प्रदेश, राजस्थान, महाराष्ट्र समेत नौ राज्यों में दांव पर है भाजपा की साख
- 2014 के लोकसभा चुनाव में राजग इन्हीं सीटों में से 56 पर काबिज हुआ था

**नई दिल्ली, प्रेट्र/आइएएनएस :** लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में सोमवार को नौ राज्यों के 71 संसदीय क्षेत्रों में मतदान होगा। यह चरण सत्तारूढ़ भाजपा और उसके सहयोगी दलों के लिए नाक का सवाल हो सकता है। 2014 में राजग यहां की 56 सीटों पर काबिज हुआ था। विपक्षी दलों में तृणमूल कांग्रेस और बीजू जनता दल छह-छह सीटों पर जीती थी। कांग्रेस को केवल दो सीटें ही हासिल हुई थीं।

सोमवार सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक महाराष्ट्र की 17 सीटों, राजस्थान और उत्तर प्रदेश की 13-13, पश्चिम बंगाल की आठ, मध्य प्रदेश की छह, ओडिशा की छह, बिहार की पांच और झारखंड की तीन सीटों के लिए मतदान होना है। इसके अलावा जम्मू-कश्मीर की अनंतनाग सीट के कुछ हिस्सों में भी मतदान होगा। चौथे चरण में भाजपा नेता और केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह, सुभाष भामरे, एसएस अहलूवालिया, बाबुल सुप्रियो, कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद और अधीर रंजन चौधरी समेत कुल 961 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला होना है। इस चरण में 12.79 करोड़ लोग मतदान करेंगे। अन्य प्रमुख उम्मीदवारों में कन्हैया कुमार (भाकपा), बैजयंत पांडा (भाजपा), उर्मिला मातोंडकर (कांग्रेस) डिंपल यादव (सपा), शताब्दी रॉय (तृणमूल कांग्रेस) और मिलिंद देवड़ा (कांग्रेस) प्रमुख हैं। चुनाव आयोग ने सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाते हुए 1.40 लाख पोलिंग बूथ और बूथ स्टेशन बनवाए हैं। ध्यान रहे कि लोकसभा चुनाव के पहले तीन चरणों में 302 लोकसभा क्षेत्रों में मतदान हो चुका है। आखिरी तीन चरणों में 168 से अधिक सीटों पर मतदान होना बाकी है।



ईवीएम को दुरुस्त करते मतदान कर्मी। प्रेट्र

**राजस्थान-मप्र की 54 में से 52 सीटें भाजपा के पास :** 2014 में भाजपा ने राजस्थान व मप्र की कुल 54 सीटों में से 52 सीटों पर भगवा रंग चढ़ा दिया था, लेकिन पिछले साल हुए विधानसभा चुनावों में इन दोनों राज्यों में कांग्रेस की वापसी हुई है।

**महाराष्ट्र में चुनाव का हो जाएगा समापन :** इस चरण के साथ ही महाराष्ट्र में चुनावों का समापन हो जाएगा। विपक्षी दल कांग्रेस अपने पुराने गढ़ उत्तरी महाराष्ट्र और मुंबई में फिर पकड़ बनाने को संघर्षरत है, जबकि राकांपा ठाणे और पश्चिमी महाराष्ट्र में दबदबा बनाए रखना चाहती है। भाजपा और उसके सहयोगी दल शिवसेना ने 2014 में सभी 17 सीटें जीती थीं।

### चौथा चरण : उप्र की 13 में से 12 सीटें भाजपा के पास

उत्तर प्रदेश में 13 संसदीय सीटों पर भाजपा और सपा-बसपा गठबंधन में सीधी टक्कर तय मानी जा रही है। 2014 के चुनाव में भाजपा ने 13 में से 12 सीटों पर विजय हासिल की थी। सिर्फ कन्नौज सीट पर सपा काबिज हुई थी, जहां से सपा अध्यक्ष अखिलेश की पत्नी डिंपल यादव मैदान में थीं। वहीं, पश्चिम बंगाल में चार जिलों में फैली सभी आठ सीटों पर तृणमूल, कांग्रेस, भाजपा, कांग्रेस के बीच लड़ाई रहेगी। ओडिशा में सत्तारूढ़ बीजद ने सभी छह सीटें जीत ली थीं। इस दफा इन सीटों पर काबिज होने के लिए भाजपा ने एड़ी-चोटी का जोर लगा दिया है। बिहार में भाजपा और उसके सहयोगी दलों को सभी पांच सीटें वापस अपने कब्जे में करने की उम्मीद है।

## दिल्ली में नशे में दो युवकों ने पेट्रोल डाल युवक को लगाई आग

**जागरण संवाददाता, नई दिल्ली :** दिल्ली के मोरी गेट इलाके में शुक्रवार रात शराब के नशे में धुत दो युवकों ने खेल-खेल में एक युवक के ऊपर पेट्रोल डालकर आग लगा दी। वहां पहुंचे अन्य लड़के ने पीड़ित के शरीर में लगी आग बुझाई, लेकिन तब तक उसकी जांघ और सीना बुरी तरह से झुलस चुका था। पीड़ित को लोक नायक अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत नाजुक है। पुलिस ने गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज कर दोनों आरोपितों गोपी और विवेक को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस के मुताबिक, पीड़ित अदालती सिंह और आरोपित युवक गोपी और विवेक खोया मंडी में एक ही दुकान में काम करते हैं। तीनों मूल रूप से उत्तर प्रदेश के कानपुर के रहने वाले हैं और रिश्तेदार भी हैं। शुक्रवार की रात तीनों ने साथ बैठ कर शराब पी। इसके बाद विवेक ने अदालती को खेल दिखाने की बात करते हुए प्लास्टिक की बोतल में भरा पेट्रोल उसके ऊपर डाल दिया और गोपी ने माचिस की तीली जलाकर उनके ऊपर फेंक दी, जिससे वह जलने लगा। वहीं मौजूद एक लड़के ने कंबल डालकर आग बुझाई।

## जातिवादी जज ने दिलाई लालू यादव को सजा : शिवानंद

**राज्य ब्यूरो, पटना**



जज भी आदमी होते हैं, इसलिए जातीय बंधन से मुक्त नहीं हो सकते

न्यायपालिका पर हमले का सिलसिला जारी है। राजद के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष शिवानंद तिवारी ने कहा है कि जजों की भी जाति होती है। इसलिए वह जातीय बंधन से पूरी तरह मुक्त नहीं हो सकते। चारा घोटाले में राजद प्रमुख लालू प्रसाद की सजा का जिक्र करते हुए शिवानंद ने कहा कि लालू की सजा को पेचीदा एक सवर्ण जज ने ही बनाया है। उन्होंने यह भी कहा कि अगर उनके बयान से न्यायापालिका की अवमानना है तो वह इसकी सजा भुगतने के लिए भी तैयार हैं।

उन्होंने यह भी कहा कि सभी मामलों को एक तराजू से नहीं तौला जा सकता है, किंतु लालू के साथ ऐसा हुआ है। रांची हाई कोर्ट ने चारा घोटाले की सभी छह प्राथमिकी को एक मानकर एक साथ सुनवाई का आदेश दिया था, किंतु सुप्रीम कोर्ट के सवर्ण जज ने सबको अलग-अलग कर के सुनवाई का आदेश दिया। अब सभी मामलों की सुनवाई और सजा अलग-अलग हो रही है। शिवानंद ने अपनी बात के समर्थन में दूसरा तर्क भी दिया। उन्होंने कहा कि 1997 में जब चारा घोटाले में लालू समर्पण के लिए तैयार थे। उन्होंने सुबह 10 बजे समर्पण की बात कही थी, किंतु आठ बजे ही लालू की गिरफ्तारी के लिए सेना बुला ली गई। यह साफ-साफ पूर्वाग्रह था, जो हाई कोर्ट के सवर्ण जज के आदेश के बाद हुआ था।

शिवानंद ने कहा कि तब दानापुर आर्मी कैंट के ब्रिगेडियर नौटियाल ने बाद में स्वीकार भी किया था। शिवानंद ने दिसंबर 2017 में भी लालू को सजा सुनाए जाने पर न्यायपालिका की निष्पक्षता पर संदेह जताया था। उन्होंने कहा था कि एक जैसे आरोप में जगन्नाथ मिश्रा को बेल और लालू को जेल क्यों हो गई। राजद के वरिष्ठ नेता रघुवंश प्रसाद सिंह ने भी कहा था कि लालू अगर मिश्रा या पांडेय होते तो जमानत मिल जाती।

### यौन उत्पीड़न के आरोपित की पहचान छिपाने के लिए याचिका

**नई दिल्ली :** सर्वोच्च न्यायालय में यौन उत्पीड़न के मामलों के लेकर एक और जनहित याचिका दाखिल हुई है। इसमें ऐसे मामले के आरोपित का ट्रायल पूरा होने और अदालत द्वारा दोषी ठहराए जाने तक उसकी पहचान उजागर न किए जाने की अपील की गई है। याचिका में जीवन जीने के मौलिक अधिकार में सम्मान से जीने के अधिकार के शामिल होने के सर्वोच्च न्यायालय की ओर से पूर्व में दिए फैसलों का हवाला दिया गया है। यह याचिका वकील रीपक कंसल ने दाखिल की है। (पेज-3)

### बड़ी कंपनियों को हर बिक्री पर लेना होगा ई-इनवॉयस

**नई दिल्ली :** तय सीमा से अधिक कारोबार करने वाली कंपनियों को हर बिक्री पर सरकार या जीएसटी के पोर्टल से ई-इनवॉयस लेनी पड़ सकती है। फिलहाल वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) से जुड़े अधिकारी इस तरह की व्यवस्था बनाने पर काम कर रहे हैं। इससे कर चोरी की संभावना घटेगी। माल परिवहन पर ई-वेल बिल की जरूरत भी नहीं रहेगी। एक अधिकारी ने कहा कि इसके तहत कंपनियों को हर इलेक्ट्रॉनिक इनवॉयस (ई-इनवॉयस) के लिए एक विशिष्ट नंबर मिलेगा। (पेज-11)

**चिंता की बात**

मौसम विशेषज्ञों ने कहा– बारिश में कमी की यह स्थिति भयावह, गन्ना, कपास समेत कई फसलों की रोपाई के लिए जरूरी है मानसून पूर्व बारिश

# मानसून पूर्व की बारिश में 27 प्रतिशत की कमी

**नई दिल्ली, प्रेट्र :** मानसून से पहले देश में मार्च से अप्रैल के महीनों में होने वाली बारिश में इस बार 27 फीसद की कमी दर्ज की गई है। यह जानकारी भारतीय मौसम विभाग (आइएमडी) ने दी। उल्लेखनीय है कि मानसून पूर्व बारिश देश के कुछ हिस्सों में खेती के लिए काफी अहमियत रखती है।

भारतीय मौसम विभाग ने देश भर में एक मार्च से 24 अप्रैल के बीच 59.6 मिलीमीटर की सामान्य वर्षा के मुकाबले महज 43.3 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की है। यह दीर्घकालीन औसत (एलपीए) का 27 फीसद कम है। एलपीए 50 साल की अवधि में दक्षिण पश्चिम मानसून के दौरान देश भर में हुई औसत वर्षा को कहा जाता है। सबसे अधिक 38 फीसद कमी मौसम विभाग के उत्तरपश्चिम भाग में दर्ज की गई। इस क्षेत्र में उत्तर प्रदेश, दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश आते हैं।

मौसम विभाग ने बताया कि इसके बाद 31 फीसद कमी दक्षिणी प्रायद्वीप में दर्ज की गई जिसमें दक्षिण भारत के सभी पांच राज्य और केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी के अलावा गोवा एवं तटीय महाराष्ट्र आते हैं। पूर्व एवं पूर्वोत्तर भारत में 23 फीसद कमी दर्ज की गई।



मध्य भारत एकमात्र ऐसा क्षेत्र है, जहां सामान्य से पांच प्रतिशत ज्यादा वर्षा दर्ज की गई। भारत के कई हिस्सों में मानसून से पहले बारिश होती है जो इन क्षेत्रों के लिए अहम है। अमूमन मार्च से मई के अंत तक रहने वाला यह समय महत्वपूर्ण माना जाता है, क्योंकि यह तापमान में कमी लाने में मददगार होता है। स्काइमेट के उपाध्यक्ष (मौसम विज्ञान एवं जलवायु परिवर्तन) महेश पलावत ने कहा, बारिश में कमी की यह स्थिति भयावह लगती है, क्योंकि देश के बड़े हिस्से में भीषण गर्मी पड़ रही है और 17 अप्रैल के बाद से कोई बड़ी राहत नहीं मिली है। मौसम विभाग के अतिरिक्त महानिदेशक मृत्युंजय महापात्रा ने कहा कि मानसून से पहले होने वाली बारिश का एक कारण देश के कई हिस्सों में मार्च से जून के बीच पड़ने वाली भीषण गर्मी होती है। इससे अरब सागर और बंगाल की खाड़ी में विक्षोभ पैदा होता है।

विभाग के पूर्व महानिदेशक लक्ष्मण सिंह राठौर ने कहा, पूर्वोत्तर भारत के कई हिस्सों एवं पश्चिमी घाट में मानसून से पहले की बारिश फसलों की रोपाई के लिए जरूरी होती है। गन्ना और कपास जैसी फसलों के लिए सिंचाई की अधिक जरूरत पड़ती हैं, लेकिन उन्हें मानसून पूर्व बारिश की भी अतिरिक्त जरूरत होती है। पर्वतीय क्षेत्रों में भी मानसून पूर्व बारिश सेव जैसे फलों के पौधरोपण के लिए भी जरूरी होती है। मानसून पूर्व बारिश जंगलों में लगने वाली आग को रोकने में भी मददगार होती है। ज्ञात हो, उत्तराखंड में दावानल की घटनाएं खूब होती हैं।

### भीषण चक्रवाती तूफान का रूप ले सकता है 'फेनी'

**नई दिल्ली :** बंगाल की खाड़ी में बने कम दबाव क्षेत्र से पैदा हुए चक्रवाती तूफान फेनी अगले 12 घंटे में भीषण और अगले 24 घंटे में अत्यधिक भीषण चक्रवाती तूफान का रूप ले सकता है। मौसम विभाग के चक्रवात चेतावनी प्रभाग ने रविवार को जारी दोपहर एक बजे के अपने बुलेटिन में यह कहा। प्रभाग ने अपने बुलेटिन में कहा कि चक्रवात के गंभीर होने से केरल के दूर-दराज के इलाकों में 29 और 30 अप्रैल को तेज बारिश हो सकती है। इसके असर से तमिलनाडु के उत्तरी भागों में हल्की बारिश हो सकती है। आंध्र प्रदेश के उत्तरी तटवर्ती इलाकों और ओडिशा के दक्षिण तटवर्ती क्षेत्रों में कुछ जगहों पर दो मई को हल्की से कुछ तेज बारिश हो सकती है। तीन मई के बाद से ओडिशा में बारिश कुछ तेज हो सकती है। (पेज-10)

## सोशल मीडिया अकाउंट को आधार से जोड़ने के लिए कोर्ट में याचिका

**नई दिल्ली, आइएएनएस :** फेक न्यूज पर रोक लगाने के लिए फेसबुक, ट्विटर अकाउंट और वेब न्यूज पोर्टल समेत सोशल मीडिया को आधार से लिंक कराने के लिए सुप्रीम कोर्ट में जनहित याचिका दायर की गई है। याचिका में सुप्रीम कोर्ट से मांग की गई है कि वह फर्जी सोशल मीडिया अकाउंट को बंद करने के लिए केंद्र सरकार को कदम उठाने का निर्देश दे।

याचिका दाखिल करने वाले वकील और भाजपा नेता अश्विनी उपाध्याय का दावा है कि इस समय देश में 3.5 करोड़ ट्विटर अकाउंट और 32.5 करोड़ फेसबुक अकाउंट हैं। सोशल मीडिया के जानकारों के मुताबिक इनमें से 10 फीसद अकाउंट फर्जी हैं। याचिका में कहा गया है कि ट्विटर और फेसबुक पर नामचीन लोगों और बड़ी हस्तियों के नाम पर सैकड़ों फर्जी अकाउंट चल रहे हैं। संवैधानिक संस्थाओं के असली फोटो भी इन फर्जी अकाउंट्स के साथ लगे हैं। इसलिए आम आदमी इस पर जारी होने वाली खबरों को असली समझ कर भरोसा कर लेता है। याचिका में दावा किया गया है कि



याचिकाकर्ता ने फर्जी खबरों पर लगाम लगाने के लिए इसे जरूरी बताया

सोशल मीडिया के इन फर्जी अकाउंट पर जारी फर्जी खबरें मूलरूप से कई दंगों और हिंसक वारदातों के लिए जिम्मेदार हैं। इनके चलते देश में शांति और सौहार्द को खतरा पैदा हो गया है। इसलिए जरूरी है कि राजनीतिक दल और प्रत्याशी अपने प्रचार के लिए इन सोशल मीडिया अकाउंट का इस्तेमाल नहीं करें। चुनाव के दौरान विपक्षी प्रत्याशी की छवि को खराब करने के लिए भी इन सोशल मीडिया अकाउंट का इस्तेमाल नहीं किया जाना चाहिए।